Regarding resumption of FM Radio Broadcast in Amreli Parliamentary Constituency-laid

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली) **:** मैं आज सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं । सरकार द्वारा मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली में दिनांक 24-जनवरी-2019 से एफ.एम रेडियो की सुविधा उपलब्ध है I महोदय, लगभग एक माह पहले तक अमरेली क्षेत्र के लोगों को एफ.एम रेडियो पर मुंबई विविध भारती चैनल से हिंदी संगीत सुनने का लाभ मिल रहा था जिससे क्षेत्र के सभी संगीत प्रेमी हिंदी भाषा में पुराने और नए गाने सुना करते थे, लेकिन पिछले एक महीने से इस चैनल का संचालन अमरेली में बंद है, जिसके कारण अमरेली के लोगों को केवल गुजराती रीजनल चैनल ही सुनने को मिल रहे है I यह एफ.एम चैनल हमारे स्थानीय कलाकारों, संगीतकारों और गायकों को एक मंच प्रदान करता है, जो उन्हें विशेष रूप से पहचानने और हमारे क्षेत्र के लोगों को देश के अन्य हिस्सों से जुड़ने के अवसर प्रदान करता है । इस चैनल के माध्यम से हम नए पुराने गीत और साथ ही कला और सांस्कृतिक क्षेत्र में हो रही प्रगति की जानकारी प्रदान करता है ।